कार्यालय छ0ग0राज्य सहकारी विपणन संघ मर्या0,
880, सिविल–लाईन्स, रायपुर

कमांक / विपणन / 2958 / 2013 रायपुर, दिनांक 12 .08.2013

प्रति,

जिला विपणन अधिकारी, (समस्त)
छ.ग.राज्य सहकारी विपणन संघ मर्या.,
जिला.....(छ.ग.)

विषयः– **खरीफ विपणन वर्ष 2013–14 में विपणन संघ के धान संग्रहण केन्द्रों में सूखा धान भूसा कार्य हेतु निविदा।**

———00———

विषयांतर्गत खरीफ विपणन वर्ष 2013–14 में विपणन संघ के विभिन्न जिलों में स्थापित धान संग्रहण केन्द्रों में सूखा धान भूसा कार्य हेतु निविदा सूचना का प्रकाशन प्रदेश के दो बहुप्रसारित समाचार पत्रों में कराया गया है। खरीफ विपणन वर्ष 2013–14 में विपणन संघ के धान संग्रहण केन्द्रों में सूखा धान भूसा कार्य हेतु निविदा दस्तावेज की प्रति संलग्न है, जिसका भली–भांति अध्ययन करें, तथा निविदा दस्तावेजों के आधार पर निम्नानुसार कार्यवाही करें :–

1. सूखा धान भूसा कार्य निविदा दस्तावेजों की विक्रय, निविदा स्वीकार करने तथा खोलने का कार्य संग्रहण केन्द्र से संबंधित जिले के जिला कार्यालय एवं जिस जिले में जिला कार्यालय नहीं है वहां खाद्य कार्यालय में उक्त जिले हेतु निर्धारित तिथियों में किया जावेगा।
2. निविदा की कार्यवाही हेतु जिले के कलेक्टर द्वारा गठित समिति के समक्ष कार्यवाही पूर्ण कर अनुशंसा सहित प्रस्ताव अनुमोदन हेतु इस कार्यालय को एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत किया जावे।
3. निविदा स्वीकृति की अनुशंसा के पूर्व निविदाकारों के गत्वर्ष के कार्य आदि का विवरण भी उल्लेखित किया जावे।
4. निविदा की कार्यवाही में गत्वर्ष से तुलनात्मक दर तथा अन्य संस्थाओं में इस हेतु प्रचलित दर से भी तुलना की जावे।
5. राज्य में प्रोक्यूरमेंट एवं कार्य संबंधी निविदाओं में सत्यनिष्ठा संधि (Integrity Pact) निविदा दस्तावेज के साथ संलग्न है जिसका अनिवार्य रूप से सफल निविदाकार एवं जिला विपणन अधिकारी द्वारा सम्पादित करें।

उपरोक्तानुसार निविदा दस्तावेजों का भली–भांति अध्ययन कर निविदा की कार्यवाही की जावे।

संलग्नः– सूखा धान भूसा कार्य निविदा,
सूचना, निबंधन एवं इकरारनामा का प्रारूप।

(एस.यू.खान)
महाप्रबंधक(विपणन)

कमांक / विपणन / 2958 / 2013 रायपुर, दिनांक 12 .08.2013

प्रतिलिपिः–
कलेक्टर (समस्त) जिला..... को सूचनार्थ।

महाप्रबंधक(विपणन)